# पैरालंपिक कमिटी ऑफ इंडिया
# PARALYMPIC COMMITTEE OFINDIA

**Deemed Public Enterprise**
**Recognised by Govt. of India**
Affiliated Member of: IPC Germany, IWAS UK, APC UAE



Delhi Correspondence Office: Jaisalmer House, 26 Mansingh Road, New Delhi-110011 (India)
**Tel. No.: 011-23075126, Telefax:011-23075226 Email: npcindia@paralympicindia.com Website: paralympicindia.com**



| President | Secretary General | Treasurer |
|---|---|---|
| Devendra | Jayawant G Hammanawar | Sunil Pradhan |
| Padma Bhushan, Khel Ratna Awardee | International Coach & Referee | International Para Athlete |


## प्रेस विज्ञप्ति

*******

**पैरा ओलंपिक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की, नई दिल्ली २०२५ वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप्स पर हुई चर्चा**

**नई दिल्ली, 10 मई 2025**



पैरा ओलंपिक समिति ऑफ इंडिया (PCI) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को दिल्ली सचिवालय में माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, कोयंबटूर से विधायक और PCI की मुख्य संरक्षक श्रीमती वनाथी श्रीनिवासन ने किया। इस बैठक का आयोजन सितंबर-अक्टूबर 2025 में नई दिल्ली में प्रस्तावित नई दिल्ली २०२५ वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप्स की तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया था।

इस दौरान श्रीमती वनाथी श्रीनिवासन के साथ PCI अध्यक्ष श्री देवेंद्र झाझरिया, मुख्य कोच श्री सत्यनारायण, निदेशक श्री सत्यबाबू और नई दिल्ली २०२५ वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप्स के संयुक्त सचिव श्री किरुबाकरार राजू भी मौजूद रहे।

| President | Secretary General | Treasurer |
|---|---|---|
| Devendra | Jayawant G Hammanawar | Sunil Pradhan |
| Padma Bhushan, Khel Ratna Awardee | International Coach & Referee | International Para Athlete |

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं और समर्थन प्रदान किया जाएगा।

यह पहली बार है जब नई दिल्ली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेज़बानी करने जा रही है, जिसमें 100 से अधिक देशों के एथलीटों के भाग लेने की उम्मीद है। बैठक के दौरान आयोजन स्थलों की संरचना, पहुंच की सुविधाएं, लॉजिस्टिक्स, एथलीटों के आवास, स्वयंसेवकों की भूमिका और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समन्वय जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा हुई।

बैठक के बाद श्रीमती वनाथी श्रीनिवासन ने दिल्ली प्रशासन की तत्परता की सराहना की और कहा कि यह आयोजन न केवल पैरा-एथलेटिक्स को बढ़ावा देगा, बल्कि विकलांग खिलाड़ियों को एक वैश्विक मंच भी प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह चैंपियनशिप भारत की खेलों में बढ़ती वैश्विक पहचान और समावेशिता की प्रतिबद्धता को दर्शाएगी।

पैरा ओलंपिक समिति ऑफ इंडिया विभिन्न सरकारी विभागों के साथ समन्वय में काम कर रही है ताकि इस आयोजन को स्मरणीय और ऐतिहासिक बनाया जा सके, जिससे भारत में पैरा खेलों को एक नई ऊंचाई मिल सके।

Rahul Swami

**Rahul Swami**
**Chief Executive Officer**
**Mobile: +91 99713 56683**